भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2986

03 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए

इस्पात आयात की मात्रा

2986. श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से रूस से भारत में इस्पात के आयात की मात्रा में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त आयातों के अंतर्वाह ने, विशेषकर हाल ही में इस्पात पर लगाए गए निर्यात शुल्क के साथ, देश के इस्पात उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है?;

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)और (ख): रूस से इस्पात के कुल आयात की हिस्सेदारी रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद से नहीं बढ़ी है। जनवरी 2022 से जून 2022 की अवधि के दौरान इस्पात उत्पादन,खपत, कुल आयात और रूस से आयात का ब्योरा नीचे दिया गया है:-

माह	कुल उत्पादन (000 टी)	कुल खपत (000 टी)	कुल आयात (000 टी)	रूस से आयात (000 टी)	खपत में रूस से आयात की हिस्सेदारी%	कुल आयात में रूस से आयात की हिस्सेदारी%
जनवरी-22	10955	10228	467.5	4.8	0.05 %	1.03 %
फरवरी-22	10149	9085	424.2	2.1	0.02 %	0.50 %
मार्च-22	11116	9700	367.1	4.8	0.05 %	1.31 %
अप्रैल-22*	10351	9174	349.1	4.2	0.05 %	1.20 %
मई-22*	10661	9534	407.1	4.2	0.05 %	1.03 %
जून-22*	9968	8653	471.5	4.4	0.05 %	0.93 %
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति;*अनंतिम; मात्रा हजार टन में						

(ग) कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है,क्योंकि आयात पहले घटे हैं और फिर पूर्व के समतुल्य स्तरों पर समान पहुंच गए।

*****